मुझे घर पर ही रहना चाहिये था।



मैं जागते ही अजीब सा महसूस कर रहा था। मुझे दस्त आने के साथ मैं बीमार पड़ गया था।



मैं बस बिस्तर में वापस जाना चाहता था लेकिन ज़रा सा आराम मिलते ही, मैं घर में रूक नहीं सका।



मैं काम पर गया और उसी में रम गया। मैं जानता था कि मै उतना ही बुरा दिख रहा हूं जितना कि मैंने महसूस किया था। मैं जानता था कि मुझे यहां नही होना चाहिये।

आर्डर बढ़ते जा रहे थे, इसीलिए मैंने तुरन्त ही बर्गर बनाना षुरू कर दिया।



कार्लोस ने अपने परिवार के साथ यहां अच्छा समय बिताया था। यह उसका पसन्दीदा रेस्टोरेन्ट था।



जब भोजन आया, उसने खाना शुरू किया और अपना बर्गर खा लिया और अपनी बहन के हिस्से का बर्गर भी खा लिया।



उस रात, कार्लोस सामान्य से दूना भोजन किया था। वह बहुत बीमार पड़ गया। आखिरकार उसे इमरजेंसी कक्ष में लाया गया।



जब मैं बीमार था तो मेरे द्वारा परोसे गये भोजन से 33 अन्य लोगों को मैंने बीमार पड़ते हुए देखा। स्वास्थ्य विभाग ने रेस्टोरेन्ट बन्द कर दिया।

मुझे अच्छी तरह मालूम था कि मुझे क्या करना चाहिये था, मुझे घर पर ही रुकना था। मै यह सब कुछ रोक सकता था। क्योंकि कुछ समय के लिए रेस्टोरेन्ट बन्द कर दिया गया था, इस दौरान मैने न सिर्फ अपनी आमदनी गंवाई बल्कि मैं बहुत षर्मिन्दा भी हुआ।

हमेशा लोगों की सुरक्षा करें। यदि आप बीमार हैं तो घर पर ही रहें।